18/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र उन्नीस से छब्बीस जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। दो हजार चौबीस-पच्चीस का वार्षिक बजट चौबीस जुलाई को उपमुख्यमंत्री चाउना मेन द्वारा पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा। बजट पर पच्चीस और छब्बीस जुलाई को चर्चा और पारित किया जाएगा। इस बीच, अरुणाचल विधानसभा अध्यक्ष तेसाम पोंगते ने बुधवार को आगामी बजट सत्र के एजेंडे की योजना बनाने के लिए व्यापार सलाहकार समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की। कांग्रेस को छोड़कर सभी राजनीतिक दल भाजपा सरकार का समर्थन कर रहे हैं, जिसके पास साठ विधानसभा सीटों में से छियालीस सीटें हैं।

000000000000000000000000

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में आज दोपहर रेल दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। गोंडा-गोरखपुर मार्ग पर मनकापुर स्टेशन के पास रेलगाडी संख्या 1 5 9 0 4 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। यह दुर्घटना गोंडा-गोरखपुर मार्ग के मनकापुर खंड पर झिलाही हॉल्ट के पास हुई। रेलवे और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल की टीमें भी पहुंच चुकी हैं तथा राहत और बचाव कार्य जारी है। दुर्घटना के कारण लखनऊ से गुवाहाटी तक मुख्य रेल मार्ग अवरुद्ध है। कई रेलगाडियों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है और कुछ को रद्द कर दिया गया है।

रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। लखनऊ के लिए 8957409292 और गोंडा के लिए 8957400965 नंबर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेज करने का निर्देश दिया है।

0000000000000000000000

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी से नीट यूजी-2024 के सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम शनिवार दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर डालने को कहा है। मुख्य  न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चन्द्रचूड़ और न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे0 बी0 पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उम्मीदवारों के नाम उजागर न करते हुए शहर और केन्द्र-वार परिणाम प्रकाशित करने का निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ, मेडिकल प्रवेश परीक्षा से जुड़ी लगभग चालीस याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। अगली सुनवाई सोमवार को होगी। इससे पहले नीट-यूजी परीक्षा मामले में पीठ ने कहा, इस बारे में कोई संदेह नहीं है कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया। हालाँकि न्यायालय ने कहा कि परीक्षा को पूरी तरह से रद्द करना अंतिम उपाय होगा क्योंकि इससे तेईस लाख से अधिक छात्रों का भविष्य जुडा है।

0000000000000000000000

नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई ने आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के चार छात्रों को हिरासत में लिया है। एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके पाल ने कहा कि जिन छात्रों को हिरासत में लिया गया है वे एमबीबीएस पाठ्यक्रम के दूसरे और तीसरे वर्ष के हैं।

उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इन छात्रों के लैपटॉप भी जब्त कर लिए हैं और उनके कमरे सील कर दिए हैं। इन छात्रों से सीबीआई पूछताछ कर रही है।

0000000000000000000000000

विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश में भारतीय समुदाय और विद्यार्थियों से यात्रा से बचने और अपने घरों में रहने को कहा है। बांग्लादेश में जारी घटनाक्रम को देखते हुए ढाका में भारतीय उच्चायोग ने परामर्श में लोगों से कहा है कि किसी भी आपात स्थिति और सहायता के लिए उच्चायोग तथा सहायक उच्चायोग के आपातकालीन नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है। ढाका उच्चायोग का आपातकालीन नम्बर है- +8 8 0- 1 9  3 7 4 0 0 5 9 1.

000000000000000000000

नशा मुक्त समाज के लिए 'नशा मुक्ति अभियान' के हिस्से के रूप में, एसपी तासी दरांग के नेतृत्व में पाक्के केसांग जिला पुलिस ने बुधवार को एक ऑपरेशन 'क्लीन ड्राइव' चलाया, जिसमें लगभग बारह सौ वर्ग मीटर भांग के बागान को जिला मुख्यालय के अंदर और आसपास से नष्ट कर दिया गया। सफाई अभियान ऑल पाक्के केसांग जिला छात्र संघ के सहयोग से चलाया गया, जिसका नेतृत्व अध्यक्ष थॉमस नाबूम और अन्य सदस्यों ने किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि जिला पुलिस समाज के विभिन्न संगठनों के सहयोग से जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी को शून्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान के दौरान छात्रों को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई।

0000000000000000

भारतीय सेना की तवांग ब्रिगेड ने आज अचानक बाढ़ परिदृश्यों के लिए बचाव और राहत कार्यों को लक्षित करते हुए आपदा तैयारियों पर केंद्रित एक व्यापक मॉक अभ्यास आयोजित किया। तवांग छू नदी की सहायक नदी मेंत्सांग रोंग में आयोजित इस अभ्यास में अड़तीसवीं बटालियन एसएसबी, चौथी बटालियन आईटीबीपी, राज्य अग्निशमन सेवा, राज्य पुलिस और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और तवांग के कर्मी शामिल थे। इस अवसर पर बोलते हुए, तवांग ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर वीएस राजपूत ने बाढ़ और भूस्खलन के प्रति क्षेत्र की संवेदनशीलता पर प्रकाश डाला और प्रभावी आपदा प्रतिक्रिया के लिए भारतीय सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य पुलिस के बीच तत्परता और समन्वय के महत्व पर जोर दिया। अभ्यास में भूस्खलन, बाढ़ और भूस्खलन का अनुकरण शामिल था, प्रदर्शन का मूल्यांकन करने और प्रतिक्रिया रणनीतियों में सुधार करने के लिए एक डीब्रीफिंग सत्र के साथ समापन हुआ।

000000000000000

ईस्ट सियांग के उपायुक्त ताई तग्गू ने सीईओ स्मार्ट सिटी डॉ. मंजुली कोमुट, पी डब्लू डी के एक्जिक्यूटिव इंजीनियर तानी ताकी और अन्य के साथ बुधवार को पासीघाट में निर्माणाधीन विवेकानंद केंद्र विद्यालय स्कूल भवन का दौरा किया। जिला उपायुक्त ने प्रगति का आकलन किया और पीडब्ल्यूडी को स्वच्छता सुविधाओं सहित सभी लंबित कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि स्कूल निर्धारित समय पर शुरू हो सके।

उन्होंने इमारत की गुणवत्ता, सुरक्षा और स्थायित्व बनाए रखने पर भी जोर दिया और कहा कि पासीघाट स्मार्ट सिटी पहल के तहत वित्त पोषित स्कूल परियोजना अन्य शहर परियोजनाओं के साथ अच्छी तरह से प्रगति कर रही है, जो समय पर जनता को समर्पित की जाएगी।

0000000000000000000